राम रमैया गाए जा राम से लगन लगाए जा

दोहा : राम नाम रटते रहो, जब तक घट में प्राण ।
कभी तो दीन दयाल के भनक पड़ेगी कान ॥

राम रमैया गाए जा राम से लगन लगाए जा ।
राम ही तारे राम उभरे, राम नाम दोहराए जा ॥

सुबह यहाँ तो श्याम वहां है, राम बिना आराम कहाँ है ।
राम रमैया गाये जा, प्रभु से प्रीत लगाए जा ॥

भटकाए जब भूल भुलैया, बीच भावर जब अटके नैया ।
राम रमैया गाये जा, हर उलझन सुलझाए जा ॥

राम नाम बिन जागा सोया, अन्धिआरे में जीवन खोया ।
राम रमैया गाये जा, मन का दीप जलाए जा ॥

स्वर : अनूप जलोटा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/305/title/raam-ramiya-gaaye-jaa-prabhu-se-lagan-lagaye-jaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |